मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-140
14/04/2022

मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश के एलुरू के अक्किरेड्डीगुडेम में पोरस लैब में बॉयलर फटने के हादसे में बिहार के मजदूरों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- **मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये एवं घायलों को 50–50 हजार रूपये अनुग्रह अनुदान देन का निर्देश**

पटना, 14 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आंध्र प्रदेश के एलुरू के अक्किरेड्डीगुडेम में पोरस लैब में बॉयलर फटने के हादसे को अत्यंत दुखद बताया है तथा हादसे में बिहार के मजदूरों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश के एलुरू के अक्किरेड्डीगुडेम में पोरस लैब में बॉयलर फटने के हादसे में बिहार के मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये तथा हादसे में घायल हुये बिहार के मजदूरों को 50–50 हजार रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल हुये लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि आंध्र प्रदेश सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा मृतकों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

******